तत्काल जारी करने के लिए

प्रेस के लिए सूचना नोट

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 111/2026

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई)

**नई दिल्ली, 04 अगस्त, 2026** : भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज वित वर्ष, 2026–2027 की पहली तिमाही (यानी 1 अप्रैल, 2026 से 30 जून, 2026) में अवांछित वाणिज्यिक संप्रेषण के खिलाफ की गई कार्रवाई से संबंधित तिमाही की मुख्य सूचना जारी की। रिपोर्ट संलग्न है।

2 किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया श्री दीपक शर्मा, सलाहकार (सेवा गुणवत्ता–2) से ई–मेल advqos@trai.gov.in पर संपर्क करें।

हरिन्द्र 04.08.2026

(हरिन्द्र कुमार)
सचिव, भादूविप्रा
www. trai.gov.in

तत्काल प्रकाशन हेतु

(प्रेस विज्ञप्ति सं. 111/2026)

प्रेस की सूचना के लिए नोट

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

नई दिल्ली, **4** अगस्त, **2026**

(www.trai.gov.in)

भादूविप्रा
TRAI

सत्यमेव जयते

**तिमाही के दौरान अवांछित वाणिज्यिक संप्रेषण (UCC) के खिलाफ कार्रवाई से संबंधित प्रमुख जानकारी**

**अवधि**: 01 अप्रैल, 2026 से 30 जून, 2026 ( वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही)

| मानदंड | प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित) |
|---|---|
| **30** जून, **2026** तक देश में कुल सब्सक्राईबर आधार | **1.348** बिलियन |
| अप्रैल'**26** से जून'**26** के दौरान दूरसंचार नेटवर्क में कुल उत्पन्न कॉल | **730.82** बिलियन |
| अप्रैल'**26** से जून'**26** के दौरान दूरसंचार नेटवर्क में उत्पन्न कुल एसएमएस | **691.09** बिलियन |
| अप्रैल'**26** से जून'**26** के दौरान दर्ज की गई कुल यूसीसी शिकायतें | **1.085** मिलियन |
| अप्रैल'**26** से जून'**26** के दौरान कुल कार्रवाई योग्य शिकायतें | **0.553** मिलियन |
| वित्तीय वर्ष **2026-27** की पहली तिमाही के दौरान कार्रवाई योग्य शिकायतों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई | |
| विनियमों के पहले उल्लंघन के कारण दूरसंचार संसाधनों पर 15 दिनों के लिए लगाया गया प्रतिबंध | **1,37,053** |
| विनियमों के बार-बार उल्लंघन के कारण 1 वर्ष के लिए डिस्कनेक्ट किए गए दूरसंचार संसाधन | **46,786** |
| कुल 1 वर्ष के लिए ब्लैक लिस्ट में डाले गए प्रेषक् (सेंडर्स) * | **263** |
| ब्लॉक किए गए कुल एसएमएस हेडर | **2,873** |

* *प्रेषक् (सेंडर) एक मुख्य एंटीटी या टेलीमार्केटर होता है, जिसके पास किये गए संचार के लिए एक या ज़्यादा टेलीफ़ोन नंबर या SMS हेडर होते हैं।*

---

**मुख्य विशेषताएं :**

- **कुल मिलाकर, वित्तीय वर्ष *2026-27* की पहली तिमाही में 1 लाख 83 हजार दूरसंचार संसाधनों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ *263* प्रेषको *(सेंडर्स)* को ब्लैकलिस्ट किया गया ।**
- प्रवर्तन ***(Enforcement)*** ने कई स्तर पर कार्रवाई की- जैसे कि आउटगोइंग ब्लॉकिंग, दीर्घकालिक डिस्कनेक्शन, सभी ऑपरेटरों में प्रेषक को ब्लैकलिस्ट करना और एस.एम.एस. हेडर ब्लॉकिंग आदि, ताकि बार-बार होने वाले उल्लंघनों पर अंकुश लगाया जा सके ।

- वित्त वर्ष ***2026-27*** की पहली तिमाही में देश में दूरसंचार नेटवर्क में कुल ***730.82*** बिलियन कॉल की तुलना में, कुल यूसीसी शिकायतें ***1.085*** मिलियन रहीं यानी शिकायतों की संख्या लगभग ***1.5*** प्रति मिलियन कॉल थी।

## ट्राई डीएनडी ऐप

ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से उपभोक्ता भागीदारी ने स्पैम संचार के खिलाफ प्रवर्तन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखी। ऐप उपभोक्ताओं के लिए आसानी से प्रमोशनल संचार को ब्लॉक करने या प्राप्त करने के लिए अपनी वरीयताओं को दर्ज करने और संशोधित करने का एक माध्यम है।

| मद | प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित) |
|---|---|
| **30.06.26** तक कुल डाउनलोड ऐप | **3.316** मिलियन |
| अप्रैल’**26** से जून’**26** के दौरान सभी माध्यमों से प्राप्त कुल यूसीसी शिकायतें। | **1.085 मिलियन** |
| अप्रैल’**26** से जून’**26** के दौरान ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से प्राप्त कुल शिकायतें | **0.966 मिलियन** |
| ट्राई डीएनडी ऐप **के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्रतिशत** | **89%** |

मुख्य विशेषताएं:

- **एक्सेस प्रोवाईडर द्वारा प्राप्त सभी यू.सी.सी. शिकायतों में से *89* प्रतिशत शिकायते ट्राई डीएनडी ऐप के माध्यम से आती हैं।**

## डीएनडी वरीयता पंजीकरण

उपभोक्ता किसी भी या सभी क्षेत्रों के सेंडर्स से प्रमोशनल संचार को ब्लॉक करने या प्राप्त करने के लिए अपनी डू नॉट डिस्टर्ब (DND) वरीयताओं को दर्ज करने और संशोधित करने के लिए ट्राई **DND** ऐप, अपने दूरसंचार सेवा प्रदाता के ऐप/वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं, या 1909 पर कॉल/एसएमएस भेज सकते हैं

| मानदंड | प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित) |
|---|---|
| **30.06.2026** तक डीएनडी रजिस्ट्री में दर्ज कुल वरीयताएं । | **224** मिलियन |
| **30.06.2026** तक देश में कुल सब्सक्राईबर आधार | **1.348** बिलियन |
| दर्ज वरीयताओं का प्रतिशत। | **16%** |

मुख्य विशेषताएं:

- *1.12* **बिलियन से अधिक ग्राहक जिन्होंने कोई वरीयता दर्ज नहीं की है उन्हें सभी रजिस्टर्ड टेलीमार्केटर्स और सेंडर्स से वाणिज्यिक संचार प्राप्त हो सकता है। वाणिज्यिक संप्रेषण को नियंत्रित करने के इच्छुक उपभोक्ता डीएनडी रजिस्ट्री पर अपनी वरीयताएं दर्ज कर सकते हैं।**

## ट्राई निर्दिष्ट सीरीज : 140xx और 1600xx

भादूविप्रा ने प्रमोशनल कॉल के लिए नामित 140 सीरीज की शुरुआत की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी कॉल एक निर्दिष्ट नंबरिंग सीरीज से आएं, जिससे उपभोक्ता ऐसी कॉल को आसानी से पहचान सकें और प्रबंधित कर सकें। 140 सीरीज नंबरों से आने वाली कॉल को डिलीवरी से पहले ग्राहकों की वरीयताओं के आधार पर पूर्व-सत्यापित किया जाता है। निर्दिष्ट सीरीज उपभोक्ता को कॉल स्वीकार करने या अस्वीकार करने के विकल्प का प्रयोग करने में सक्षम बनाती है।

1600 सीरीज को बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र में संस्थाओं द्वारा सेवा और लेन-देन कॉल, और सरकार से नागरिक संचार के लिए शुरू किया गया है । यह निर्दिष्ट सीरीज ऐसे महत्वपूर्ण संप्रेषण के लिए विश्वसनीय कॉलिंग नंबर प्रदान करती है।

साथ में, ये निर्दिष्ट नंबरिंग सीरीज पारदर्शिता, उपभोक्ता विश्वास और स्पैम और धोखाधड़ी वाले संचार के खिलाफ विनियामक प्रवर्तन की प्रभावशीलता में सुधार करती हैं।

| मद | प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित) (वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान) |
|---|---|
| **140** सीरीज नंबरों का उपयोग करके शुरू हुई कुल प्रमोशनल कॉल । | **13.16** बिलियन |
| **140** सीरीज की कॉल, जिन्हे ग्राहकों द्वारा दर्ज डीएनडी वरीयताओं के साथ सत्यापन के बाद ब्लॉक कर दिया गया । | **1.48** बिलियन |
| पंजीकृत प्रेषकों/टेलीमार्केटर्स द्वारा शुरू किये गए वाणिज्यिक एसएमएस | **248.06** बिलियन |
| ग्राहकों द्वारा पंजीकृत डीएनडी वरीयताओं के साथ सत्यापन के बाद एसएमएस अवरुद्ध किये गए प्रमोशनल काल । | **7.30** बिलियन |
| **1600** सीरीज नंबरों से आई कुल कॉल । | **1.15** बिलियन |

**मुख्य विशेषताएं:**

- **दर्ज डीएनडी वरीयताओं ने लगभग *1.48* बिलियन प्रमोशनल कॉल और *7.30* बिलियन प्रमोशनल एसएमएस को ब्लॉक करने में सक्षम बनाया, जो प्रभावी उपभोक्ता वरीयता प्रवर्तन को प्रदर्शित करता है।**
- **दर्ज संचार चैनलों के माध्यम से *13.16* बिलियन प्रमोशनल कॉल और *248.06* बिलियन वाणिज्यिक एसएमएस भेजे गए।**

## एआई-आधारित संदिग्ध स्पैम चिन्हित करना

विनियमित प्रणाली को बायपास करने वाले सामान्य 10-अंकीय नंबरों का उपयोग करने वाली संस्थाओं द्वारा उपभोक्ताओं को संदिग्ध स्पैम कॉल और एसएमएस से सचेत करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा एआई-आधारित सिस्टम लगाए गए हैं ताकि कॉलिंग पैटर्न विश्लेषण के आधार पर इस तरह के संदिग्ध स्पैम को चिह्नित किया जा सके। इसके अलावा, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने इस तरह के स्पैम भेजने की उच्च संभावना वाली संदिग्ध संस्थाओं को चेतावनी सूचनाएं भेजना शुरू कर दिया है। एक प्रेषक (सेन्डर) स्पैम भेजने के लिए कई नंबरों का उपयोग कर सकता है। ये अधिसूचनाएं संदिग्ध सेंडर्स को नियामक कार्रवाई के बारे में चेतावनी देती हैं ताकि वे आगे से स्पैम न भेजें।

| मद | प्रमुख आंकड़े (पूर्णांकित)<br>(वित्तीय वर्ष **2026-27** की पहली तिमाही के दौरान) |
|---|---|
| कुल इनकमिंग कॉल | **721.79** बिलियन |
| एआई आधारित प्रणालियों द्वारा आने वाली कुल कॉल जिन्हें संदिग्ध स्पैम के रूप में चिह्नित किया गया | **22.99** बिलियन |
| कुल इनकमिंग एसएमएस | **836.31** बिलियन |
| एआई आधारित प्रणालियों द्वारा आने वाले कुल एसएमएस जिन्हें संदिग्ध स्पैम के रूप में चिह्नित किया गया | **1.44** बिलियन |
| उच्च संभावना वाले स्पैम भेजने वाली संदिग्ध संस्थाओं के लिए जारी की गईं चेतावनी अधिसूचनाएं * | **2** लाख **43** हज़ार |

* चेतावनी की अधिसूचना 23 जून, 2026 से भेजनी शुरु की गई है।

**मुख्य विशेषताएं:**

- **एआई-आधारित स्पैम डिटेक्शन ने *24.43* बिलियन संदिग्ध स्पैम कॉल/एसएमएस को चिह्नित किया है, जिससे उपभोक्ता इस तरह के संप्रेषण को अनदेखा करने या संप्रेषण को सावधानी के साथ रीसीव करने का विकल्प चुनने में सक्षम हो गए हैं।**
- **चेतावनी अधिसूचना भेजने के एक सप्ताह के भीतर संदिग्ध सेंडर्स को *2* लाख *43* हजार से अधिक चेतावनी अधिसूचनाएं जारी की गईं।**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के बारे में**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ट्राई अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक स्वतंत्र सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा भारत में दूरसंचार, प्रसारण और केबल टीवी सेवा क्षेत्रों को विनियंत्रित करता है। हमारा लक्ष्य सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निष्पक्ष नियम, पारदर्शी प्रथाएं और सेवा की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

नोट: भादूविप्रा एक विनियामक प्राधिकरण है और प्रत्यक्ष उपभोक्ता सेवाएं प्रदान नहीं करता है। व्यक्तिगत मामलों के लिए, कृपया अपने लाइसेंस प्राप्त सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

आधिकारिक अपडेट के लिए, ट्राई को फॉलो करें:

एक्स X (formerly Twitter) – @TRAI; फेसबुक Facebook – @TRAI; इंस्टाग्राम Instagram – @trai.official_
लिंक्डइन LinkedIn – @trai-official; यूट्यूब YouTube – @TelecomRegulatoryAuthorityofIndia

***अस्वीकरण: अगर हिंदी और अंग्रेज़ी संस्करण में कोई विरोधाभास हो, तो अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा।***